अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में हुआ रक्तदान व नेत्र जाँच शिविर का आयोजन

दिनाँक 13 मार्च, 2019 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में लॉयंस क्लब, ग्रेटर फरीदाबाद व ब्लड़ बैंक इण्डियन रैड क्रॉस सोसायटी के सौजन्य से महाविद्यालय के यूथ रैड क्रॉस, राष्ट्रीय सेवा योजना व रैड रिबन क्लब के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसमें 84 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर का शुभारंभ शिविर के मुख्य अतिथि श्री संजय कुमार (IPS) पुलिस कमिश्नर फरीदाबाद, महाविद्यालय के प्रधान श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत व महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ताओं की उपस्थिति में हुआ । साथ ही महाविद्यालय के सभागार में नेत्र जाँच शिविर भी चला जिसमें 125 छात्र–छात्राओं ने जाँच कराई। आयोजित स्वास्थ्य वार्ता में छात्र–छात्राओं को नेत्रों को सुरक्षित रखने के लिए किस प्रकार का भोजन लेना चाहिए व क्या–क्या ऐतिहात बरतने चाहिए, क्योंकि उपचार से अच्छा है बचाव, दृष्टि आई सेन्टर से आए प्रबन्धक डॉ. गौतम शर्मा व उनकी टेकनीशियन टीम ने आँखों को सुरक्षित रखने के लिए बताया कि सुबह सबसे पहले आँखों को ठंडे पानी से धोना चाहिए व पढ़ते हुए आँखों से आँसू आएं तो प्रति 30 मिनट के पश्चात 2–3 मिनट के लिए नेत्रों को आराम देना चाहिए। दृष्टि आई सेन्टर की टीम ने यह भी बताया कि अगर अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ से कोई प्रवक्ता अथवा छात्र अगर इलाज करवाता है तो उसे इलाज में अच्छी छूट दी जाएगी व नवीनतम लेसिक तकनीक के द्वारा चश्में से आजादी पाई जा सकती है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत की सोच है कि स्वस्थ युवा ही सशक्त भारत का निर्माण कर सकता है इसलिए महाविद्यालय में कई स्वास्थ्य संबंधित शिविरों का आयोजन किया जाता है। इन दोनों शिविरों के आयोजन में डॉ. जयपाल सिंह (संयोजक, यूथ रैड क्रॉस), श्रीमती रितु, डॉ. रेखा सेन, डॉ. प्रवीन गुप्ता, डॉ. नेहा गोयल, श्रीमती सीमा मलिक व इकाई तीन की रैड क्रॉस के काऊंसलर श्री लवकेश व लगभग 150 स्वयंसेवक मौजूद रहे ।